हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 26 नवंबर 2025

11 स्टेट चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते 32 मेडल



12 मुख्य सिपाही दीपक का हृदयाघात से निधन



## खबर संक्षेप

### खेड़ी जट्ट में व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

**झज्जर।** गांव खेड़ी जट्ट में एक व्यक्ति ने अज्ञात कारणों के चलते फंदा लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान करीब 37 वर्षीय सनोम पुत्र सतबीर के तौर पर हुई है। सनोम ने फंदा क्यों लगाया इस बात का पता नहीं चल पाया। परिजनों ने जब देखा तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। इस दौरान एफएसएल टीम ने भी घटनास्थल का मौका मुआयना करते हुए आवश्यक साक्ष्य जुटाए।

### मशीन में आने से श्रमिक का हाथ कटा

**बहादुरगढ़।** आधुनिक औद्योगिक क्षेत्र पार्ट-बी में स्थित एक फैक्ट्री में काम के दौरान श्रमिक घायल हो गया। मशीन की चपेट में आने से उसका हाथ कट गया। उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान सोनू के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, सोनू दिल्ली की हरिदास कॉलोनी में रहता है और यहां एमआईई पार्ट बी स्थित एक पैकेजिंग कंपनी में काम करता है। रोजमर्रा की तरह मंगलवार की दोपहर वह फैक्ट्री में काम कर रहा था। इसी दौरान मशीन में उसका हाथ आ गया और कट गया। साथी कर्मचारियों ने देखा तो उसे संभाला और नजदीक लगते एक निजी अस्पताल में लेकर गए।

### मोटर चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा समरसीबल की मोटर चोरी करने मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस चौकी झाड़ली प्रभारी सतबीर ने बताया कि धर्मेंद्र निवासी झाड़ली की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए चौकी में तैनात मुख्य सिपाही दीपक कुमार की टीम द्वारा एक आरोपी को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान ओमप्रकाश निवासी धमनी बिहार के तौर पर की गई है। आरोपी से चुराई गई मोटर बरामद की गई है। आरोपी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### डॉ. अजय सिंह चौटाला आज झज्जर में

**झज्जर।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर अजय सिंह चौटाला बुधवार को जेजेपी कार्यालय पहुंच कर कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। यह जानकारी देते हुए जेजेपी जिला प्रेस प्रवक्ता विकास पराशर ने बताया कि आगामी सात दिसंबर को पार्टी का आठवां स्थापना जींद के जुलाना में एक विशाल रैली के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में रैली की तैयारियों को लेकर डॉक्टर अजय सिंह चौटाला द्वारा कार्यकर्ताओं की ड्यूटी भी लगाई जाएगी।

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक कल

**झज्जर।** उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम रोहतक की बैठक वीरवार सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक राजीव गांधी विद्युत सदन पावर हा!स, रोहतक स्थित मुख्य अभियंता प्रवर्तन परिमंडल, यूएचबीवीएन के कॉन्फ्रेंस हॉल में होगी। बैठक की अध्यक्षता जोनल उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम के चेयरमैन करेंगे। इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं, विशेष रूप से झज्जर जिले के उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिल संबंधी शिकायतें सुनी जाएंगी तथा उनका समाधान किया जाएगा। प्रवक्ता ने बताया कि जोनल उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच, रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार, प्रत्येक ऐसे मामले की सुनवाई करेगा जो एक लाख रुपए से अधिक और तीन लाख रुपए तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित हो।

## नोटिस जारी कर इकाइयों को बंद कराने की प्रक्रिया शुरू

# प्लास्टिक वाशिंग की पांच अवैध फैक्ट्रियों पर छापा

> इलाके में पिछले कुछ समय से प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई है। जहरीला धुआं उगलती अवैध औद्योगिक इकाइयां भी इसकी एक वजह है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

प्रदूषण पर नियंत्रण पाने तथा अवैध औद्योगिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए स्पेशल एनवायरमेंटल सर्विलांस टास्क फोर्स (एसईएसटीएफ) की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, नगर परिषद सहित विभिन्न विभागों की टीमों ने परनाला में निजामपुर रोड पर अवैध रूप से चल रही प्लास्टिक वाशिंग इकाइयों पर छापेमारी की गई। नोटिस जारी कर इकाइयों को बंद कराने की प्रक्रिया शुरू करा दी गई है।

दरअसल, इलाके में पिछले कुछ समय से प्रदूषण की समस्या गंभीर बनी हुई है। जहरीला धुआं उगलती अवैध औद्योगिक इकाइयां भी इसकी एक वजह है। परनाला गांव में निजामपुर रोड पर भी प्लास्टिग गलाने, धोने की कई अवैध फैक्ट्री हैं। मंगलवार को विभिन्न विभागों की संयुक्त टीम ने वहां दस्तक दी। इस दौरान पांच प्लास्टिक धोने वाली इकाई चालू मिली। बिना एनओसी के चल रही इन इकाइयों में भारी अनियमित्ता देखने को मिली। अधिकारियों ने बिजली काटने के तुरंत निर्देश दिए गए। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से भी नोटिस जारी किया गया। कार्रवाई करने वाली टीम में एचएसपीसीबी से एसडीओ अमित, नगर परिषद से एमई जोगेंद्र सिंधु, इरिगेशन से एसडीओ नवीन, पीएचईडी से जेई दीपक, बिजली निगम से सन्नी और पुलिस कर्मी मौजूद रहे। एमई जोगेंद्र सिंधु ने कहा कि प्रदूषण पर अंकुश लगाने और अवैध इकाइयों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। मंगलवार को पांच इकाइयों में छापे मारकर उन्हें बंद करने की प्रक्रिया शुरू कराई है।



बहादुरगढ़। इकाई में कार्रवाई करने पहुंची टीम। फोटो : हरिभूमि



बहादुरगढ़। निजामपुर रोड स्थित प्लास्टिक वाशिंग फैक्ट्री। फोटो : हरिभूमि

## जहरीला पदार्थ निगलने से युवती की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गांव भटेड़ा में जहरीला पदार्थ निगलने के कारण एक युवती की मौत हो गई। मृतका की पहचान करीब 23 वर्षीया मीनाक्षी पुत्री सुरेश के तौर पर हुई है। परिजनों ने बताया कि मीनाक्षी की शादी करीब पांच माह पहले राजस्थान के बूढ़ी बावल में हुई थी।

वह पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी जिस कारण मीनाक्षी को मायके बुलाकर उसका उपचार कराया जा रहा था। सोमवार की देर शाम मीनाक्षी घर में रखी कीटनाशक दवा पी ली। जब तबीयत बिगड़ी तो परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मामले के जांच अधिकारी विश्वप्रकाश ने बताया कि मृतका के भाई मनोज के बयानों के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



झज्जर। नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### छारा के रास्ते चंडीगढ़ के लिए नियमित बस चलाने की मांग

**बहादुरगढ़।** छारा होते हुए झज्जर से चंडीगढ़ जाने वाली बस को नियमित कराने की मांग उठी है। इस संबंध में ग्राम पंचायत छारा की ओर से एक ज्ञापन पत्र हरियाणा रोडवेज के झज्जर महाप्रबंधक कार्यालय में दिया गया है।

पत्र पर ग्राम सरपंच व पंचों के हस्ताक्षर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से छारा होते हुए झज्जर से एक रोडवेज बस चंडीगढ़ जाती थी। इसका समय सुबह करीब साढ़े पांच बजे था, लेकिन बीते कुछ महीने से यह बस नियमित नहीं है। इस वजह से न केवल छारा बल्कि आसपास के अन्य गांवों के लोग भी प्रभावित हैं। विशेषकर कर्मचारी व छात्रवर्ग को अधिक दिक्कतें हो रही हैं। लोगों की समस्या को देखते हुए सुबह साढ़े पांच बजे के समय उस बस का नियमित संचालन किया जाए।

## खेत में बैठे किसान पर लाठी, डंडों से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव मातन में खेत में बैठे एक किसान पर आधा दर्जन से अधिक लोगों ने डंडों से हमला कर दिया। हमले में उसे काफी चोट आई है। गांव के ही एक व्यक्ति व उसके दो बेटों पर हमला कराने का आरोप है। आसौदा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

वारदात रामबीर के साथ हुई है। शिकायतकर्ता रामबीर का कहना है कि गत 22 नवंबर की शाम को अपने दोस्त कुलदीप के साथ अपने खेत मे गया था। वहां कोठड़े में बैठे थे। करीब पौने 7 बजे सात-आठ आदमी आए। एक ने आते ही सिर में डंडा मारा, जिससे खून बहने लगा। मैंने पूछा कौन हो तो सभी ने प्रहार शुरू कर दिए। दोस्त कुलदीप बीचबचाव करने लगा तो हमलावरों ने कहा कि जान प्यारी है तो बीच में मत आ। कुलदीप डर के कारण साइड में खड़ा हो गया। फिर उन्होंने ताबड़तोड़ हमला किया। मुझे, सिर, मुंह, हाथ, पांव सहित अन्य हिस्सों पर गंभीर चोट आई। हमलावर जान से मारने की धमकी देकर चले गए। मुझे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसने कहा कि 19 नवंबर को गांव के निवासी रवींद्र से मेरी कहासुनी हुई थी। 21 तारीख को रवींद्र के दो बेटे मिले, उन्होंने कहा कि अपने पिता की बेइज्जती का बदला लेंगे। मुझे शक है कि उन्हीं ने साजिश रचकर हमला करवाया।

## अजीत हत्याकांड में आरोपी दंपति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बादली के फतेहपुर में युवक की हत्या की वारदात पुलिस ने सुलझा ली है। मामले में हत्यारोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनसे वारदात में प्रयोग किए गया चाकू व डंडा बरामद कर लिया गया है। आरोपी महिला को जेल भेज दिया गया है, जबकि उसके पति को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

दरअसल, सोमवार की सुबह फतेहपुर के पार्क में एक युवक का शव मिला था। उसकी गर्दन काटी गई थी, शरीर पर अन्य जगह भी चोट के निशान थे। मृतक की पहचान करीब 26 वर्षीय अजीत के रूप में हुई। अजीत चरखी दादरी के धनासरी गांव का रहने वाला था। यहां याकूबपुर स्थित ब्लिंकिट कंपनी में काम करता था और भाई-भाभी के साथ फतेहपुर में किराये पर रह रहा था। रविवार की रात को वह घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। अजीत की हत्या का शक उसके बड़े भाई अजय ने सोमबीर व उसकी पत्नी पर लगाया था। जिसके बाद पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की।

दरअसल, सोमबीर भी अजीत के गांव से है और फतेहपुर में किराये पर रहता है। मामले में सामने आया कि अजीत की सोमबीर की पत्नी के साथ बोलचाल थी। इस वजह से दोनों पक्षों में कई बार तकरार भी हुई। उसी रंजिश में आरोपी दंपति ने फोन के माध्यम से अजीत को बुलाया। फिर चाकू व डंडे से उसकी बेरहमी पूर्वक हत्या कर दी। बादली थाना प्रभारी सुरेश कुमार ने कहा कि अजीत हत्याकांड की वारदात सुलझा ली है। मामले में हत्यारोपी दंपति को गिरफ्तार कर लिया है।




बहादुरगढ़। पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी दंपति। फोटो : हरिभूमि

### दुल्हेड़ा में ढाबे पर चोरी की वारदात

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी की वारदात नहीं थम रही। अब गांव दुल्हेड़ा स्थित एक ढाबे पर चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर ढाबे से इन्वर्टर बैट्री तथा सीसीटीवी की डीवीआर निकालकर ले गए। बादली थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुल्हेड़ा के निवासी नवीन का कहना है कि उसने गांव में इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के निकट ढाबा कर रखा है। गत 23 नवंबर की रात साढ़े 11 बजे ढाबा बंद कर घर चला गया। इसी रात को चोरों ने ढाबे को निशाना बनाया। सोमवार की सुबह ढाबे पर आए तो अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच के दौरान इन्वर्टर और दो बैट्री नहीं मिली। इतना ही नहीं, चोर कैमरे की डीवीआर भी निकाल ले गए। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। उधर, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की। नवीन की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। जल्द ही वारदात को सुलझाने की बात कही जा रही है।

## निलोठी में गाड़ी का शीशा व चालक का हाथ तोड़ा, बैग लेकर फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली के निवासी एक व्यक्ति के साथ गांव निलोठी में वारदात हो गई। गाड़ी में सवार होकर आए हमलावरों ने उसे डंडा मारकर घायल कर दिया। इतना ही नहीं, उसकी गाड़ी का शीशा तोड़कर लेपटॉप सहित अन्य सामान निकाल ले गए। आसौदा थाना पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

वारदात संजय के साथ हुई है। संजय का कहना है कि बीती रात को वह निलोठी स्थित एक मंदिर में आया था। यहां करीब ढाई बजे मंदिर के समीप एक एसयूवी गाड़ी ने उसे रुकवाया। उसमें से एक युवक उतरा और कहने लगा कि यहां क्या कर रहा है। फिर वह चला गया। कुछ देर बाद दोबारा वही गाड़ी आई। इस दफा उसमें से दो युवक उतरे और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। डंडे से उस पर प्रहार किया। उसने मंदिर की ओर भागकर अपनी जान बचाई। कुछ देर बाद वापस आया तो गाड़ी का शीशा टूटा हुआ था। उसमें से बैग गायब था। बैग में लेपटॉप व अन्य जरूरी सामान था। इसके बाद वह नागरिक अस्पताल में भर्ती हुआ। उसके हाथ में फ्रेक्चर आया है। मामला लूटपाट का है या कुछ और, ये अभी तफ्तीश का विषय है। वहीं, पुलिस का कहना है कि रात को सूचना मिली थी। मामले में जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामले में कुछ स्पष्ट कहा जा सकता है।



बहादुरगढ़। अस्पताल में भर्ती पीड़ित संजय। फोटो : हरिभूमि

## सामान खरीदकर बगैर पेमेंट किए भाग निकले शातिर

**दुकानदार को लगी चार हजार रुपये की चपत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शहर के डाईवर्सन रोड स्थित एक किरयाणा स्टोर पर मोटरसाइकिल पर सामान खरीदने पहुंचे तीन युवक बगैर पेमेंट किए मौके से भाग निकले। ऐसे में दुकानदार को करीब चार हजार रुपये की चपत लग गई। मामला सोमवार की शाम करीब साढ़े सात बजे का है।

पीड़ित दुकानदार दलीप ने बताया कि उसने अमर वाटिका के नजदीक डाईवर्सन रोड पर किरयाणा की दुकान की है। जब वह अपनी दुकान पर था तो शाम करीब साढ़े सात बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवक उसकी दुकान पर पहुंचे। उनमें से एक युवक ने उससे करीब सात-आठ अलग-अलग प्रकार की सिगरेट के पैकेट, चिप्स, कुरकुरे, नमकीन, ठंडा आदि सामान लिया। उसने पूरे सामान की कुल पेमेंट 3880 रुपये बताई तो युवक सारा सामान बड़ी पॉलीथिन में पैक करने की बात कहते हुए दुकान में लगे क्यूआर कोड पर मोबाइल से पेमेंट करने का ढोंग करने लगा। इसके बाद वह सामान से भरी पॉलीथिन उठाकर बगैर पेमेंट किए अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर बैठ कर मौके से भाग निकला।

दलीप के अनुसार जब वह दुकान से बाहर निकलकर युवकों का पीछा करने की कोशिश करने लगा तो उन्होंने गोली मारने की धमकी दी। इसके बाद उन्होंने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी लेकिन तब शातिर युवक जा चुके थे। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



झज्जर। सीसीटीवी फुटेज में दुकान पर मौजूद आरोपी युवक। फोटो : हरिभूमि

## एक से दो घंटे के अंतराल में चली लंबे रूट की बसें

# बस के लिए यात्रियों को करना पड़ा लंबा इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

गुरू तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस और जयंती पर मंगलवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में लगी रोडवेज व समिति की बसों के चलते स्थानीय बस स्टैंड पर दैनिक यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बस स्टैंड पर जहां रोडवेज की बसों की उपस्थिति कम रही वहीं निजी बसें भी चुनिंदा बूथों पर लगी दिखाई दी।

हिसार के बूथ पर बस आने का इंतजार कर रहे राहगीर घासीराम ने बताया कि वह पिछले करीब बारह बजे से यहां बस लगने का इंतजार कर रहा है, लेकिन अभी तक कोई बस नहीं लगी। एक घंटे से बस का इंतजार कर रहे युवक कुलदीप ने बताया कि उसने पूछताछ केंद्र पर पहुंच कर जानकारी ली तो पता चला कि बस डेढ़ बजे बूथ पर लगेगी। ऐसे में उन्हें अब करीब आधा घंटा और इंतजार करना पड़ेगा।

लगभग ऐसी ही स्थिति अधिकांश बूथों पर रही। एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि वह आधे घंटे से सुबाना जाने वाली बस के इंतजार में हैं लेकिन कोई बस दिखाई नहीं दी। इसी प्रकार कुछ यात्री बस स्टैंड के बाहर वाले गेट पर खड़े होकर सोनीपत जाने वाली बस का इंतजार करते नजर आए। कई बार ऐसा समय भी आया जब बस रूट पर लगने से पहले ही भर गई। हालांकि बस स्टैंड के अधिकारियों द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क भी स्थापित किया था। जहां अधिक यात्रियों द्वारा शिकायत करने पर संबंधित रूट की बस का प्रबंध कर दिया जाता था।





झज्जर। रूट पर लगने से पहले बस में चढ़ने का प्रयास करते यात्री व हिसार के बूथ पर बस लगने का इंतजार करते हुए यात्री। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। बस स्टैंड पर खाली पड़े अधिकांश बूथ। फोटो : हरिभूमि

### दोपहर बाद सामान्य रही स्थिति

बस स्टैंड इंचार्ज महेश ने बताया कि मार्निंग शिफ्ट में थोड़ी परेशानी आई थी। चंडीगढ़ की साढ़े पांच बजे निकलने वाली गाड़ी मिस रही, ऐसे में सवारियों को थोड़ा इंतजार करना पड़ा, लेकिन रेवाड़ी से चंडीगढ़ जाने वाली ने बस ने यह कमी भी पूरी कर दी। भिवानी रूट की बस में दो घंटे का समय लगा जबकि छोटे रूट की बसे नियमित अंतराल पर रूटों को कवर रही। बस स्टैंड इंचार्ज के मुताबिक दोपहर को कुछ गांवों से रैली में जाने वाली कम सवारियों या खाली रहने वाली बसें जब स्टैंड पर वापिस लौट आईं तो सभी लोकल रूट कवर लिए गए। दोपहर बाद स्थिति सामान्य रही।



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style



# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकी अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।

हॉलीवुड मसाला




# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।



# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।



# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।

टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस :*** साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक :*** फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।



***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान :*** साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर :*** 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।

***जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी :*** साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवाड्र्स 2025 के विजेतोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला,

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल जोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** *: धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** *: धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** *: ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** *: फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** *: मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** *: 'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

*हरियाणा स्टेट क्वान की डो चैंपियनशिप में इलाके के खिलाड़ी छाए*

# स्टेट चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने जीते 32 मेडल

## टीम की अगुआई एनआईएस कोच विशाल चतुर्भुज व महिला टीम कोच शिवानी ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा स्टेट क्वान की डो चैंपियनशिप में इलाके के खिलाड़ी छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए बादली स्थित एक निजी स्कूल के विद्यार्थियों ने 32 पदक जीते। जिनमें 17 स्वर्ण, 9 रजत व 6 कांस्य पदक शामिल रहे।

टीम की अगुआई एनआईएस कोच विशाल चतुर्भुज व महिला टीम कोच शिवानी ने की। कोच शिवानी को बेस्ट फीमेल कोच अवॉर्ड व एनआईएस कोच विशाल चतुर्भुज को बेस्ट मेल कोच अवॉर्ड से नवाज़ा गया। बेस्ट डिसिप्लिन्ड टीम का भी सम्मान प्राप्त किया। वंशिका, हीना, राधिका, अक्षरा, तनुज, निधि, तनीषा, तान्या, युगल, शुभम, गुंजन, जिया, अक्षिता, इलाक्षी, प्रियांशी, नायसा, तनिषा, खुशी, तमन्ना, सारिका, चांदनी, आंचल, अहाना, सावी, विधि, भाविका, भूमि, रिया, अयान, मानविक, अरमान, भावेश ने मेडल जीते हैं। जिले के 17 छात्रों का चयन जम्मू-कश्मीर में प्रस्तावित नेशनल चैम्पियनशिप के लिए हुआ है। साथ ही तनीषा, तान्या, शुभम, युगल वर्ल्ड चैम्पियनशिप ट्रायल्स में हिस्सा लेने जा रहे हैं। चेयरमैन होशियार सिंह गुलिया, प्रिंसिपल किरण वर्मा आदि ने खुशी जताई है।

## राज्य ओलंपिक खेलों में प्रियांश ने जीते पांच मेडल

झज्जर। हाल ही में संपन्न 27वें राज्य ओलंपिक खेलों की नौकायन प्रतियोगिता में एमआर स्कूल हसनपुर के खिलाड़ी प्रियांश ने पांच मेडल जीत कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। स्कूल पहुंचने पर विजेता खिलाड़ी प्रियांश का स्वागत किया गया। प्राचार्या नेहा शर्मा ने बताया कि चंडीगढ़ की सुखना झील में हुई नौकायन स्पर्धा के दौरान प्रियांश ने विभिन्न गतिविधियों में जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए दो गोल्ड व तीन कांस्य पदक हासिल किए। इस उपलब्धि पर स्कूल निदेशिका संगीता कोडान ने प्रियांश को भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कोच कृष्ण छोक्कर, मानसी व ज्योति के प्रयासों की सराहना भी की।


झज्जर। प्रियांश को सम्मानित करते हुए निदेशिका संगीता कोडान।

## गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ 29 से



झज्जर। जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के तत्वावधान में आगामी 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय जिला स्तरीय गीता महोत्सव इस वर्ष भी अपनी अद्भुत सांस्कृतिक भव्यता और आध्यात्मिक गरिमा के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव में गीता के शाश्वत संदेश, ज्ञान और भारतीय संस्कृति की विविध छवियां एक विस्तृत मंच पर जीवंत होंगी। डीआईपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि महर्षि दयानंद सरस्वती स्टेडियम में गीता महोत्सव का आयोजन होगा। प्रतिदिन महोत्सव का शुभारंभ प्रतिदिन सामूहिक हवन-यज्ञ के साथ होगा। इस दौरान आध्यात्मिक उत्साह जगाने वाली शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में गीता थीम पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्कूली व विद्यार्थियों की विभिन्न प्रतियोगिताएं, सेमिनार, प्रदर्शनी, क्राफ्ट मेला, ग्लोबल गीता श्लोक उच्चारण और अनेक सांस्कृतिक

## श्रीराम के जयकारे के साथ शुरू हुआ हनुमान चालीसा पाठ


झज्जर। हनुमान चालीसा पाठ के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

■ हनुमानजी भक्तों के संकट हरने वाले देवता हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

कोसली रोड स्थित श्री आनंददास आश्रम में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। आश्रम के महंत अजय दास महाराज के सानिध्य में श्रद्धालुओं द्वारा श्रीराम के जयकारे के साथ हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया। महंत अजयदास ने बताया कि हनुमानजी भक्तों के संकट हरने वाले देवता है। इसी लिए उन्हें संकट मोचन भी नाम दिया गया है।

इसके बाद श्रद्धालुओं द्वारा संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का गायन किया। इस मौके पर रजनीश, राजेंद्र, कालू, अमित पंछी, चिंटू सक्सेना, हिमांशु सोलंकी, योगेश, हर्ष, आनंद, राजबीर, आयुष, नरेश, ईश्वर, अंकित, अनिल, मास्टर महेश, रोशनी देवी, अनीता व नान्ही देवी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों को दी हेल्थ एंड वेलनेस से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी

## स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक दिवसीय इन-हाउस ट्रेनिंग का आयोजन

■ ट्रेनिंग में विद्यालय के लगभग 50 शिक्षकों ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। इन-हाउस ट्रेनिंग में उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में मंगलवार को स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर एक दिवसीय इन-हाउस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में विद्यालय के लगभग 50 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की रिसोर्स पर्सन मीनू तेहलानिया ने शिक्षकों को हेल्थ एंड वैलनेस से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि शारीरिक स्वास्थ्य के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, योग, प्राणायाम तथा पर्याप्त नींद अत्यंत आवश्यक है। शिक्षकों को अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे ब्रेक्स, माइंडफुलनेस और मेडिटेशन जैसी गतिविधियां शामिल करनी चाहिए ताकि मानसिक तनाव को नियंत्रित किया जा सके। प्रभावी समय प्रबंधन न केवल पेशेवर जीवन को सुव्यवस्थित करता है बल्कि व्यक्तिगत जीवन में भी संतुलन स्थापित करता है। उन्होंने बेसिक फर्स्ट-एड, स्कूल सुरक्षा, अचानक स्वास्थ्य समस्या आने पर प्राथमिक उपाय तथा आपातकालीन परिस्थितियों में सावधानी बरतने से संबंधित उपयोगी जानकारी भी सांझा की। विद्यालय प्रबंधक धर्मेंद्र जून ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे प्रशिक्षण न केवल शिक्षकों के पेशेवर विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनके व्यक्तिगत स्वास्थ्य को भी सुदृढ़ बनाते हैं।

## मां जीवन का पहला धर्म संस्कार : महंत खुशहाल दास

झज्जर। शहर की पंजाबी धर्मशाला में मंगलवार को जीवन में मां के दिए संस्कारों की अमूल्यता पर केंद्रित प्रेरक और भावनात्मक धार्मिक सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री सत जिंदा कल्याणा आश्रम कलानौर के गद्दीनशीन महंत खुशहाल दास जी महाराज ने विशेष रूप से शिरकत की। सभा का मुख्य उद्देश्य झंग सभा प्रधान पंडित कृष्ण लाल शर्मा और सरपरस्त गुलशन शर्मा के परिवार को सांत्वना देना रहा, जिनकी माताजी कैलाशवंती का 15 नवंबर को निधन हो गया था। महंत खुशहाल दास जी ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि मां केवल जन्म देने वाली ही नहीं, बल्कि जीवन का पहला धर्म, पहली गुरु और पहला संस्कार होती है। यदि कोई व्यक्ति अपनी मां के संस्कारों को जीवन का हिस्सा बना ले, तो सफलता उसका कदम चूमती है। मां की ममता और शिक्षा जीवन को दिशा देने वाला वह प्रकाश है, जो कभी समाप्त नहीं होता। सभा में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री डॉक्टर अरविंद शर्मा और भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ सहित अन्य संस्थाओं की ओर से श्रद्धांजलि प्रस्ताव पढ़ा गया। इस मौके पर समाजसेवी नरेंद्र, प्रवीण, उमेश नंदवानी, पूर्णचंद सुनेजा, नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी, पूर्व नपाध्यक्ष पंडित ईश्वर शर्मा, हरियाणा व्यापार मंडल के जिला प्रधान केशव सिंघल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।


महंत खुशहाल दास जी।


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित होनहार छात्रा कुमारी निधि। फोटो : हरिभूमि

# इंटर कॉलेज स्पर्धा में दो मेडल जीतने वाली छात्रा को किया सम्मानित

## छात्रा को पुरस्कृत कर उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एमडीयू रोहतक की 50वीं एनुअल एथलेटिक इंटर कॉलेज प्रतियोगिता में महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय की खिलाड़ी कुमारी निधि ने विभिन्न स्पर्धाओं में दो मेडल जीत कर संस्थान का नाम रोशन किया है। डॉक्टर तितिक्षा रोहिल्ला ने बताया कि उनके संस्थान की बीए तृतीय वर्ष की एथलीट कुमारी निधि ने डिस्कस थ्रो में तृतीय और शॉट पुट इवेंट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मेडल जीते हैं। इस उपलबधि पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा ने होनहार खिलाड़ी छात्रा को पुरस्कृत करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।


झज्जर। रंगीन कागजों की सहायता से फूल, पत्तियां व आकर्षक सामग्री बनाने की जानकारी देते वक्ता।

## विद्यार्थियों को सिखाए कागज से आकर्षक सामग्री बनाने के गुर

झज्जर। संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा में मंगलवार को आर्ट एंड क्राफ्ट गतिविधि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सरी से आठवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रंग-बिरंगे कागजों की सहायता से फूल, पत्तियां, दीवार पर लटकाने की लड़ियां, पशु और पक्षियों के आकर्षक चित्र बनाने के गुर सिखाए गए। प्राचार्या श्वेता कौशिक ने कहा कि इस प्रकार की कलाकारी से बच्चों में नैतिक एवं आत्मनिर्भरता जैसे गुणों की वृद्धि होती है। कला और शिल्प बच्चों की रचनात्मकता को विकसित करते हैं जो जीवन भर के लिए एक महत्वपूर्ण कौशल है। आर्ट क्राफ्ट के माध्यम से बच्चों में एकाग्रता व रंगों की समझ के साथ-साथ रचनात्मक भी बढ़ती है।

# पुलिस ने अवैध हथियारों के मामले में दो वांछित दबोचे


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी गौतम, आरोपी राकेश कुमार उर्फ रिंकू।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत पुलिस ने फरार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार तस्करी व सोशल मिडिया पर हथियारों के प्रदर्शन करने के दो अलग-अलग मामलों में दो वांछित आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की है, इसके साथ ही सात के खिलाफ प्रीवेंटिव एक्शन लेकर नेक चलनी के लिए पाबंद कराया गया है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने कहा कि जिला पुलिस, अपराध और अपराधियों पर पूरी गंभीरता से शिकंजा कस रही है। पुलिस की सभी सीआईए, थाना व चौकी पुलिस की संयुक्त टीमें लगातार दिन-रात छापेमारी करके वांछित अपराधियों को उनके अलग-अलग ठिकानों से दबोच रही है।

## सात आरोपियों के खिलाफ प्रीवेंटिव एक्शन

ऑपरेशन ट्रेकडाउन के तहत जिला पुलिस लगातार अपराधियों पर से शिकंजा कस रही है। थाना सदर, मॉडल टाउन व सेक्टर-6 धारूहेड़ा पुलिस टीम ने विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त सात आरोपियों के खिलाफ प्रीवेंटिव एक्शन लेकर नेक चलनी के लिए पाबंद कराया गया है। एसपी हेमेंद्र मीणा ने कहा कि अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत तुरंत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है। जो कोई भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त होगा तो उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। एसपी ने कहा कि युवा अपने पथ से न भटके तथा शिक्षा व खेलों में बेहतर प्रदर्शन कर अपना तथा अपने देश का नाम रोशन करें।

## दहेज से किनारा कर लगन-टीके में एक रुपया व नारियल लेकर दिया संदेश

धारूहेड़ा। धारूहेड़ा क्षेत्र के गांव मालपुरा में जाट समाज के पूर्व प्रधान चौधरी बलबीर सिंह के भतीजे संदीप कुमार के लगन टीका समारोह में दहेज को किनारा करके एक रुपया व नारियल लिया गया। चौधरी बलबीर सिंह ने गत जून माह में समाज सुधार की पंचायत में अपने परिवार में भविष्य में दहेज रहित शादी करने का आश्वासन दिया था। लगन समारोह में वधू पक्ष ने 11 लाख रुपए नकद और अन्य सामान दहेज में देने की पेशकश की, जिसको वर पक्ष ने सम्मान सहित वापस लौटा दिया। इसके अलावा वर के मामा की ओर से भात की परंपरा में भी केवल एक ही रुपया लेकर समाज में अनूठी मिसाल पेश की गई। जाट समाज के प्रधान सूरत सिंह ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए समाज के अन्य सक्षम लोगों से भी इस पहल को आगे बढ़ाने का आहान किया। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर ऐसी पहल समाज को अच्छा संदेश देगी। इस मौके पर उप प्रधान धनपत सिंह बडेसरा, रेवाड़ी के पूर्व विधायक चिरंजीव राव, कंवर सिंह अध्यक्ष नगर पालिका धारूहेड़ा, मालपुरा के सरपंच मलखान सिंह, प्रोफेसर ओम प्रकाश चौधरी, ब्लॉक समिति अध्यक्ष दलबीर सिंह व मेजर अशोक यादव सहित अनेक लोग मौजूद थे।


रेवाड़ी। लगन समारोह में शामिल गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

# खुर्शीद नगर में हुआ के टू बायो फ्यूल प्लांट का उद्घाटन


रेवाड़ी। केंद्रीय मंत्री जोशी का स्वागत करते लोग। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने कोसली विधानसभा क्षेत्र के गांव खुर्शीद नगर में के टू बायो फ्यूल्स प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन क्लीन इंडिया के तहत हरियाणा में बायो फ्यूल्स प्लांट की एक बेहतर शुरूआत की गई है। मंत्री जोशी ने कहा कि देश में लगातार बढ़ते प्रदूषण पर अंकुश लगाने का बायो फ्यूल्स एक बेहतर विकल्प हो सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में अब जलती हुई पराली नहीं दिखेगी और न ही प्रदूषण होगा।



झज्जर। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

# अंतर सदनीय प्रतियोगिता में गांधी व टैगोर सदन प्रथम

■ प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आरईडी स्कूल छुछकवास में मंगलवार को अंतर सदनीय क्लब प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दो वर्गों वे विभाजित इन प्रतियोगिताओं के परिणामों में तीसरी से पांचवीं कक्षा तक के वर्ग में गांधी सदन प्रथम, टैगोर सदन द्वितीय तथा सुभाष सदन तृतीय रहा। छठी से आठवीं कक्षा तक के वर्ग में टैगोर सदन पहले, सुभाष सदन दूसरे तथा रमन सदन तीसरे स्थान पर रहा। सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। शाखा प्रमुख सुनील कादियान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि क्लब गतिविधियां विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, टीमवर्क, रचनात्मक सोच और व्यवहारिक ज्ञान विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं।

**PUBLICATION**

**In the Court of Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh**

Jitender etc. Versus Ram Karan etc.

To

1. RamKaran S/o Sishram S/o Ram Sarup, 2. Ankit Ruhil S/o Rishikesh S/o Ramphal Singh, 3. Narender Singh S/o Harke,4. Virender Singh S/o Harke, 5. Naresh S/o Harke, 6. Pawan S/o Dharam Singh S/o Harke, 7. Rajesh S/o Dharam Singh S/o Harke, 8. Sunita D/o Karan Singh S/o Sishram,9. Parmila D/o Karan Singh S/o Sishram, 10. Saroj D/o Karan Singh S/o Sishram, 11. Ajay S/o Karan Singh S/o Sishram, 12. Vijay Laxmi Wd/o Anand S/o Kara Singh, 13. Sandeep S/o Anand S/o Karan Singh, 14. Neeraj S/o Anand S/o Karan Singh, 15. Sumitra Devi D/o Dhanpati D/o Sishram, 16. Yashpal S/o Dhanpati D/o Sishram, 17. Vijaypal S/o Dhanpati D/o Sishram, 18. Yogesh S/o Dhanpati D/o Sishram, 19. Sombir S/o Dhanpati D/o Sishram, 20. Rishalo Wd/o Umed Singh S/o Kidara, 21. Samsher S/o Umed Singh S/o Kidara, 22. Dharampal S/o Umed Singh S/o Kidara, 23. Pali S/o Umed Singh S/o Kidara, 24. Satpal S/o Umed Singh S/o Kidara, 25. Rajbala D/o Umed Singh S/o Kidara, 26. Nirmala D/o Umed Singh S/o Kidara, 27. Dholi D/o Umed Singh S/o Kidara, 28. Bhani Devi W/o Dharampal S/o Kasi Ram All R/o Village Rohad, Tehsil Bahadurgarh, Distt. Jhajjar

Whereas in the above noted case it has been proved to the satisfaction of this court that above named respondents are avoiding service of summons and cannot be served in the ordinary manner, therefore this publication is issued against the respondents name above to appear before this court on 08.12.2025 personally or through their counsel or failing which exparte proceedings shall be taken against them.

Given under my hand and the seal of the court.

**Sd/- Assistant Collector, 1st Grade, Bahadurgarh**

**खबर संक्षेप**




## रेखाचित्र के माध्यम से किया दुग्ध के महत्व को प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : क्षेत्र के गांव भदाना की चौपाल में भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा व अंशुल शर्मा ने राष्ट्रीय दुग्ध दिवस की पूर्व संध्या पर एक विशाल रेखाचित्र के द्वारा दुग्ध के महत्व को प्रदर्शित किया। मुकेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय दुग्ध दिवस श्वेत क्रांति के जनक वर्गीज कुरियन का जन्मदिन के दिन मनाया जाता है। भारत में उनके जन्मदिन को नेशनल मिल्क डे के रूप में मनाया जाता है और इसकी शुरुआत साल 2014 में की गई थी। इस दौरान पूर्व सैनिक देवीदत्त शर्मा, सूबेदार सुभाष शर्मा, रामवतार शर्मा, रमेश कौशिक, नंद किशोर शर्मा, सतीश, केशव शर्मा, अर्जुन शर्मा आदि रहे।

## मारपीट व धमकी मामले में दो काबू

**जाटूसाना।** थाना रोहड़ाई पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल में उपचाराधीन घायल के बयान पर गत 22 नवंबर को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ति पक्ष की ओर से मारपीट करने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में चंदनवास निवासी अजय और बिरेंद्र को गिरफ्तार किया है। बाद में दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### गुरु तेग बहादुर का देश के लिए किया त्याग एक प्रेरणास्रोत

# उत्साह के साथ कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुए भाजपा कार्यकर्ता

**जोश से भरे कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयकारे लगाए और कुरुक्षेत्र के लिए कूच किया**

- दिनेश कौशिक ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं है, बल्कि भारत की सनातन सांस्कृतिक विरासत, त्याग और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक है

*रैली में पहुंचकर राम अहलावत और कार्यकर्ताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस और अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में मंगलवार को बहादुरगढ़ के कार्यकर्ताओं में भी उत्साह देखने को मिला। यहां से काफी कार्यकर्ता भाजपा नेता एवं विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र पहुंचे।

मंगलवार की सुबह कार्यकर्ता सेक्टर-2 स्थित दिनेश कौशिक के कार्यालय में एकत्रित हुए, जहां जोश से भरे कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जयकारे लगाए और कुरुक्षेत्र के लिए कूच किया। दिनेश कौशिक ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक राजनीतिक आयोजन नहीं है, बल्कि भारत की सनातन सांस्कृतिक विरासत, त्याग और आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतीक है। गुरु तेग बहादुर ने देश, धर्म और मानवता की रक्षा के लिए जो त्याग दिया, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। दिनेश कौशिक के साथ मार्केट कमेटी चेयरमैन विनोद कौशिक, वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता उर्फ बब्लू, कानौंदा मंडल अध्यक्ष सुदेश रंगा, शहरी मंडल अध्यक्ष संजय सैनी, अटल मंडल अध्यक्ष पंकज गर्ग, मांडौठी मंडल अध्यक्ष महावीर दलाल व कृष्ण सहित कई कार्यकर्ता कुरुक्षेत्र गए।






बहादुरगढ़। कार्यकर्ताओं के साथ कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होते दिनेश कौशिक तथा कार्यकर्ताओं के साथ कुरुक्षेत्र के लिए रवाना होते राम अहलावत।

### कार्यकर्ताओं संग कुरुक्षेत्र रैली पहुंचे अहलावत

**बहादुरगढ़।** गुरु तेग बहादुर के शहादत दिवस पर कुरुक्षेत्र में आयोजित भव्य रैली में भाजपा किसान मोर्चा के झज्जर जिलाध्यक्ष राम अहलावत के नेतृत्व में बहादुरगढ़ से काफी कार्यकर्ता शामिल हुए। रैली में पहुंचकर राम अहलावत और कार्यकर्ताओं ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं की ऊर्जा व समर्पण की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे आयोजनों में कार्यकर्ताओं की बड़ी भागीदारी भाजपा संगठन की मजबूती को दर्शाती है। वहीं, राम अहलावत ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का शहादत दिवस हमें राष्ट्रधर्म, कर्तव्य और सेवा का संदेश देता है। वहीं गीता जयंती सत्य, धर्म और कर्तव्य-परायणता की प्रेरणा प्रदान करती है। उन्होंने बताया कि बहादुरगढ़ से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने रैली में विशेष उपस्थिति दर्ज करवाई और माहौल को जोशीला बना दिया।

### चेयरपर्सन के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र पहुंचे कार्यकर्ता



**बहादुरगढ़।** मंगलवार को बहादुरगढ़ से काफी कार्यकर्ता नगर परिषद की चेयरपर्सन सरोज राठी के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं का यह दल गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस और अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुआ। कार्यकर्ताओं में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर विशेष उत्साह देखा गया। सुबह अपने कार्यालय से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं को चेयरपर्सन सरोज राठी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। काफिले के प्रस्थान के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गीता महोत्सव के जयकारे गूंजते रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कुरुक्षेत्र आगमन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, गीता के संदेश और गुरु तेग बहादुर के बलिदान को विश्व स्तर पर सम्मान देने का क्षण है। हमें गर्व है कि हम इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बनने जा रहे हैं। पूर्व चेयरमैन कर्मवीर राठी, मनोनीत पार्षद राजबाला, पार्षद राजेश तंवर, पार्षद प्रतिनिधि हरिमोहन धाकरे, भरत सिंह छिल्लर, पवन खत्री, मनमोहित गुप्ता, संदीप दलाल, अश्विनी, पंकज सहित कई कार्यकर्ता कुरुक्षेत्र गए।

## जिले में खुलेंगे छह स्वास्थ्य केंद्र और आरोग्य मंदिर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जिले के शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में कदम उठाते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नए शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एक झज्जर में तो पांच केंद्र बहादुरगढ़ में खोले जाएंगे। इसके लिए विभाग ने विभिन्न स्थानों पर उपयुक्त भवन किराए पर लेने के लिए निविदाएं आमंत्रित कर दी हैं।

नए केंद्रों की स्थापना से झज्जर और बहादुरगढ़ दोनों शहरों में बड़ी आबादी को घर के नजदीक ही गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध होगा। सीताराम गेट यूपीएचसी झज्जर, बहादुरगढ़ में आदर्श नगर यूपीएचसी, किला मोहल्ला यूपीएचसी, यूएएम महावीर पार्क सेक्टर 7, यूएएम शंकर गार्डन, यूएएम आर्य नगर/कश्मीरी कॉलोनी के लिए किराये के भवन तलाशे जा रहे हैं। अपने भवन को किराए पर देने के इच्छुक व्यक्ति/संस्थाएं तीन दिसंबर की शाम तक शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सीताराम गेट झज्जर तथा उप सिविल सर्जन कार्यालय पॉलिटेक्निक सेक्टर-9, बहादुरगढ़ में संपर्क कर सकते हैं।

नए स्वास्थ्य केंद्र खुलने से सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी। घनी आबादी व पुरानी बस्तियों में रहने वाले लोगों को प्राथमिक उपचार नज़दीक ही मिल सकेगा। टीकाकरण, एएनसी, पीएनसी जांच, पोषण संबंधी सेवाएं और देखभाल अधिक सुलभ होगी। यूएएम केंद्रों पर आयुष्मान कार्डधारकों को परामर्श, जानकारी और स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से प्राप्त होंगी। बुखार, संक्रमण, बीपी, शुगर आदि बीमारियों की ओपीडी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगी। आपातकालीन स्थिति में मरीज को तुरंत प्राथमिक उपचार उपलब्ध होगा। विभाग का कहना है कि निविदा प्रक्रिया पूरी होते ही चयनित भवनों में तेजी से स्वास्थ्य केंद्र स्थापित कर दिए जाएंगे।

### विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप प्राचार्या डॉ. सुमन हुड्डा की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में पुलिस ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक किया। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों, संकेत चिह्न और आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों की जानकारी दी। विद्यार्थियों को सुरक्षित यातायात नियमों, हेलमेट व सीट बेल्ट के महत्व समझाए। साथ ही ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन के उपयोग से होने वाली दुर्घटना जोखिम तथा सुरक्षित ड्राइविंग के व्यावहारिक पहलुओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा युवाओं में बढ़ते नशे के बारे में भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया और नशे के खिलाफ शपथ दिलाई। सत्येंद्र दहिया ने भी अपने विचार रखे। मंच संचालन डॉ. विकास शौकीन ने किया। सुरक्षा प्रकोष्ठ के प्रभारी विनोद कुमार ने सभी का धन्यवाद किया।

## रैली निकालकर दिया पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। रैली को हरी झंडी दिखातीं प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा।

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का थीम प्लास्टिक मुक्त परिसर, हरित पर्यावरण, स्वच्छ भारत रहा।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेविकाओं, शिक्षकों व समुदाय को प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से अवगत कराना तथा स्वच्छ एवं हरित वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा व एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अन्नू शर्मा ने किया। शिविर में स्वयंसेविकाओं को हार्टफुल मेडिटेशन करवाया गया। अगले चरण में महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं ने रैली के माध्यम से समुदाय के लोगों को हरित पर्यावरण और प्लास्टिक मुक्त परिसर के लिए जागरूक किया।

स्वयंसेविकाओं ने प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने की शपथ ग्रहण की। सायंकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने कैरम, टेबल टेनिस, लूडो व शतरंज जैसे मनोरंजक खेलों में भाग लेकर उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। स्लोगन प्रतियोगिता में साक्षी ने प्रथम स्थान, तनु व अंजलि ने द्वितीय स्थान, नेहा और विराची तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि प्रियंका को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया।

## कर्मजीत के हत्यारोपी को तलाश रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जाखोदा निवासी कर्मजीत की हत्या के मामले में पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। विभिन्न पहलुओं पर पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है लेकिन अभी तक हत्यारोपी पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका है। हालांकि पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी सलाखों के पीछे होगा। वहीं, दूसरी तरफ मृतक के परिजनों को न्याय का इंतजार है। दरअसल, जाखोदा का निवासी करीब 40 वर्षीय कर्मजीत खेती बाड़ी और प्रॉपर्टी डीलिंग करता था। वह यहां लाइनपार के शंकर गार्डन स्थित जोवल जिम में अभ्यास करता था। रोजमर्रा की तरह सोमवार की सुबह भी वह जिम में आया था और इस दौरान रॉड मारकर उसकी हत्या कर दी गई।

### कुछ दिन पहले ही हुई थी कहासुनी

हत्या का आरोप जिम संचालक सुनील जोवल पर है। सुनील भी मूलतः गांव जाखोदा से है लेकिन कुछ समय से यहां लाइनपार के शंकर गार्डन में रहता है। मकान की ऊपरी मंजिल पर जिम बना रखी है। कर्मजीत की सुनील के साथ दोस्ती थी। इसलिए वह इतनी दूर से यहां जिम में आता था। परिजनों का आरोप है कि सुनील ने कुछ दिन पहले हुई कहासुनी की रंजिश में कर्मजीत की हत्या की। बहरहाल, असल कारण का पता तो आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही चल सकेगा। मामले में पुलिस की कई टीमें भागदौड़ कर रही हैं। सीसीटीवी से भी फिलहाल पुलिस को कोई मदद नहीं मिली है। आरोपी का नंबर भी सर्विलांस पर लगाया गया है।

## खिलाड़ियों और वाहन चालकों को दिया जागरूकता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। खिलाड़ियों को जागरूक करते इंस्पेक्टर सतीश कुमार।

पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के दिशा-निर्देशन में झज्जर पुलिस द्वारा नशामुक्त जीवन और यातायात सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत सेक्टर-9 स्थित क्रिकेट ग्राउंड व एमआईई स्थित यूनियन में कार्यक्रम किए गए।

क्रिकेट ग्राउंड में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि नशा खिलाड़ी की सबसे बड़ी पूंजी उसके शरीर को धीरे-धीरे खत्म कर देता है। नशा न सिर्फ शरीर और मन को कमजोर करता है, बल्कि निर्णय क्षमता तथा अनुशासन को भी प्रभावित करता है। वहीं, पिकअप गाड़ी यूनियन के कर्मचारियों को भी निरीक्षक सतीश कुमार ने यातायात नियमों व नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि नशे की हालत में वाहन चलाना हादसों का प्रमुख कारण है, क्योंकि इससे एकाग्रता और प्रतिक्रिया समय पर गंभीर असर पड़ता है। निरीक्षक ने यूनियन सदस्यों से स्वयं जागरूक रहने के साथ-साथ अपने साथियों को भी सुरक्षित यातायात के लिए प्रेरित करने की अपील की।

### श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि हरियाणा महिला एवं बाल विकास विभाग ने विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं के लिए प्रतिष्ठित श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उन्होंने कहा कि इस पुरस्कार में पांच लाख रुपए की सम्मान राशि तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महिला उम्मीदवार अपने संपूर्ण बायोडाटा, उपलब्धियों का विस्तृत विवरण और संबंधित दस्तावेजों सहित आवेदन आगामी 1 दिसंबर तक जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास कार्यालय में जमा करवा सकती हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## सैनी ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

- मुख्यमंत्री की जिम्मेदारी बनती है कि वे एससी, बीसी, माइनॉरिटी और छत्तीस बिरादरी के गरीब वर्गों के लिए ठोस कदम उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़




बहादुरगढ़। कार्यक्रम में अपने विचार रखते राजकुमार सैनी।

लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने बहादुरगढ़ पहुंचकर केंद्र और हरियाणा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने सरकार पर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण न देने का आरोप लगाया और कहा कि सरकार संवैधानिक दायित्व निभाने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद ओबीसी समाज से मुख्यमंत्री बना है। ऐसे में मुख्यमंत्री की भी जिम्मेदारी बनती है कि वे एससी, बीसी, माइनॉरिटी और छत्तीस बिरादरी के गरीब वर्गों के लिए ठोस कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में हमें समर्थन मिलता है तो हर घर के एक सदस्य को नौकरी, पेंशन बढ़ाकर 6000 रुपये और जितनी संख्या भारी, उतनी हिस्सेदारी के सिद्धांत पर काम करेंगे। एडवोकेट मुकेश सैनी प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रीतम खत्री प्रदेश महामंत्री, सतीश सैनी गोहाना, सन्नी सैनी, एडवोकेट रविंद्र सैनी सहित अन्य इस अवसर पर मौजूद रहे।

### हमारा संविधान, हमारा स्वाभिमान प्रस्तावना पढ़कर वीडियो अपलोड करें



**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संविधान के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। हमारा संविधान-हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत संविधान की प्रस्तावना को अपनी पसंदीदा भाषा में पढ़कर उसका वीडियो रिकॉर्ड करें और निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करने पर सर्टिफिकेट जारी होता है। उन्होंने कहा कि यह पहल देशभर में अधिकतम जन भागीदारी सुनिश्चित करने और नागरिकों को संविधान के मूल्यों से जोड़ने के उद्देश्य से शुरू की गई है। वीडियो अपलोड करने पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किया जाएगा। प्रतिभागी अपना वीडियो आधिकारिक संविधान 75 पोर्टल पर अपलोड कर सकते हैं।

## जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक कल



**झज्जर।** जिले में नागरिकों की शिकायतों के शीघ्र एवं स्थायी निपटान के उद्देश्य से गठित जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक आगामी 27 नवंबर को लघु सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक का आरंभ दोपहर दो बजे होगा। जिसकी अध्यक्षता कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा करेंगे। सीटीएम नमिता कुमारी ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित परिवादों को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। उन्होंने बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें ताकि प्रत्येक प्रकरण पर आवश्यक विचार-विमर्श कर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



बहादुरगढ़। शेखावत को सम्मानित करते विभिन्न संगठनों के लोग।

## संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष का सम्मान

**बहादुरगढ़।** राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ हरियाणा द्वारा दिनेश शेखावत को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। मंगलवार को विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों के पदाधिकारियों ने शेखावत का सम्मान किया। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने कहा कि शेखावत लंबे समय से सामाजिक व गौ सेवा गतिविधियों से जुड़े रहे हैं, ऐसे में यह दायित्व उन्हें उचित मिला है। नवनियुक्त उपाध्यक्ष दिनेश शेखावत ने कहा कि यह पद उनके लिए जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण, बेसहारा गौवंश को आश्रय और गौशालाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। आटो मार्केट के प्रधान आरबी गौड़, योगेश सहगल, डॉ. वीरेंद्र दलाल, शमशेर भुक्कल, मनोज सिन्हा, कर्मबीर दलाल, सचिन शर्मा, मनोज वशिष्ठ, राकेश कुमार, सुदेश रंगा, कविता रंगा, सीमा सांखोल समेत अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

### पुलिस सम्मान के साथ सलामी देकर उन्हें अंतिम विदाई दी

# मुख्य सिपाही दीपक का हृदयाघात से निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हरियाणा पुलिस में हेड कांस्टेबल दीपक कुमार की सोमवार को हृदयघात से मौत हो गई। गमगीन माहौल में पुलिस सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी गई। बहादुरगढ़ के लाइनपार क्षेत्र के निवासी दीपक कुमार झज्जर में पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह के पीएसओ के रूप में तैनात थे। सोमवार को उनका निधन हो गया। एचसी दीपक के निधन से पुलिसकर्मियों और अधिकारियों में गहरा दुःख है। दीपक विभाग में शांत, सरल स्वभाव और हर समय सहयोग के लिए तत्पर रहने के लिए जाने जाते थे। दीपक अपने पीछे दो छोटे बच्चों एक पुत्र और एक पुत्री छोड़ गए हैं। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। बहादुरगढ़ में उनके अंतिम संस्कार के समय पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पुलिस सम्मान के साथ सलामी देकर उन्हें अंतिम विदाई दी गई। पुलिस विभाग ने परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने कहा कि मुख्य सिपाही दीपक कुमार की कमी झज्जर पुलिस परिवार को हमेशा खलती रहेगी।



बहादुरगढ़। स्व. दीपक को श्रद्धांजलि अर्पित करतीं कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह।